दिन—मंगलवार                                                   दिनांक— 03 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।                                              अवधि— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा — गरीबों का कल्याण ही सच्चा सामाजिक न्याय है। श्री मोदी ने गरीबी को देश की सबसे बड़ी जाति बताया।

02. राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बिहार न्यायिक सेवा में दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया।

03. केंद्रीय चयन पर्षद ने एक अक्टूबर को हुयी सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द किया। सात और पंद्रह अक्टूबर को होने वाली परीक्षा भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित।

04 और, कैमूर जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति। कर्मनाशा, दुर्गावती, सुवारा और अन्य मौसमी नदियां उफान पर।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गरीबों का कल्याण ही सच्चा सामाजिक न्याय है। आज तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने जातीय गणना की रिपोर्ट पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देश की सबसे बड़ी जाति गरीबी है।

———बाईट———

————————————————————————

जातीय गणना की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नौ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा विधायक दल के नेता जीतनराम मांझी, कांग्रेस के शकील अहमद खान, एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान, भाकपा माले के महबूब आलम, सीपीआई के सूर्यकांत पासवान और सीपीआईएम के अजय कुमार ने बैठक में हिस्सा लिया। सभी दलों के नेताओं ने जाति आधारित गणना कराये जाने को लेकर मुख्यमंत्री की सराहना की। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि रिपोर्ट पर सभी दलों की राय से राज्य के हित में काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के उत्थान के लिए

आगे भी विचार–विमर्श होगा। सर्वदलीय बैठक के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बैठक में यह जानकारी दी गयी कि सदन के शीतकालीन सत्र में सर्वे के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर रिपोर्ट सार्वजनिक की जायेगी।

–––बाईट–––

श्री सिन्हा ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट की खामियों को बैठक में उठाया और इस संबंध में आपत्ति लेने की व्यवस्था करने की मांग की।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार में जारी जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। याचिका में कहा गया है कि जातीय गणना पर रोक लगाने की मांग को लेकर पूर्व में दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने सर्वेक्षण के आंकड़े सार्वजनिक नहीं करने की बात कही थी। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए अगली तारीख छह अक्टूबर को निर्धारित की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बिहार न्यायिक सेवा में दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने एक अक्टूबर को हुयी सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है। साथ ही सात अक्टूबर और पंद्रह अक्टूबर को होने वाली परीक्षा भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को हुयी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई कर रही है। परीक्षा में फर्जीवाड़े को लेकर अलग–अलग जिलों में इकसठ मामले दर्ज हुए हैं। वहीं, एक सौ से अधिक लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

——————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने पटना में परीक्षा परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि पेपर वन और टू में कुल तीन लाख सात सौ छब्बीस अभ्यर्थी सफल हुए हैं। उत्तीर्णता का प्रतिशत उनासी दशमलव सात नौ है। वहीं, पेपर वन में बयासी दशमलव नौ और पेपर टू में चौहत्तर दशमलव तीन सात प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं।

———बाईट———

अभ्यर्थी बीएसईबी एसटीईटी डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। एसटीईटी परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक ऑनलाईन आयोजित की गयी थी। परीक्षा में लगभग तीन लाख सतहत्तर हजार अभ्यर्थी शामिल हुये थे।

——————————————————————————

राज्य में अब कोचिंग संस्थानों का संचालन पूर्व की तरह सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक किया जा सकेगा। पटना उच्च न्यायालय ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक द्वारा इस संबंध में जारी आदेश पर रोक लगा दी है। इकतीस जुलाई को जारी आदेश में सरकारी विद्यालयों और कॉलेजों के संचालन समय तक निजी कोचिंग संस्थानों के संचालन पर रोक लगायी गयी थी। न्यायमूर्ति मोहित कुमार शाह की एकल पीठ ने शिक्षा विभाग के आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि शिक्षा विभाग को कोचिंग संस्थानों का संचालन समय निर्धारित करने का अधिकार नहीं है।

——————————————————————————

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के उत्तरी भागों में आज भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। ये झटके नेपाल में आए दो भूकंप के बाद महसूस किए गए। इनकी तीव्रता चार दशमलव छह और छह दशमलव दो थी। पहला झटका दो बजकर पच्चीस मिनट पर और दूसरा दो बजकर इक्यावन मिनट पर महसूस किया गया। राष्ट्रीय भू विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में पांच किलो मीटर की गहराई में था। अभी किसी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

——————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के चेनारी में सबसे अधिक बयासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, रोहतास, गया, कैमूर, गोपालगंज, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल और अररिया समेत उन्नीस जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

---बाईट---

------------------------------

कैमूर जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां पूरे उफान पर हैं।

---बाईट---

सुवारा नदी का जलस्तर बढ़ने से भभुआ शहर में कई घरों, अस्पताल और कार्यालय जलमग्न हो गये हैं। डीएवी स्कूल और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में बाढ़ का पानी घुसने के बाद आपातकालीन स्थिति में स्कूली बच्चों को बचाया गया। कैमूर के जिला जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से गर्भवती महिलाओं सहित कई मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपतकालीन स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

------------------------------

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ इक्यावन नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पटना और मुंगेर से तीस–तीस नए मामले मिले हैं। वहीं, भागलपुर में अट्ठाईस, सारण में पन्द्रह और वैशाली में आठ लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर सात हजार से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है। वरिष्ठ चिकित्सक **डॉक्टर वरूण प्रभा** ने बताया कि यदि किसी में डेंगू के लक्षण मिलते हैं तो उसे तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए।

---बाईट---

------------------------------

अग्निपथ योजना के तहत बिहार रेजिमेंट केंद्र, दानापुर के दूसरे बैच के तीन सौ चौवालीस युवा और गतिशील अग्निवीर आज औपचारिक रूप से भारतीय सेना के अंग

बन गये। दानापुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में इकतीस सप्ताह के सैन्य प्रशिक्षण के बाद आज पासिंग आउट परेड में इन अग्निवीरों ने मार्च पास्ट किया और देश की संप्रभुता तथा अखंडता की रक्षा करने की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में बिहार रेजिमेंट सेंटर के समादेष्टा ब्रिगेडियर के. डी. जसपाल ने परेड की सलामी ली। उन्होंने अग्निवीरों से तिरंगे के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ने का आह्वान किया। इन अग्निवीरों की ऑपरेशनल परिस्थितियों में तैनाती की जायेगी।

———————————————————

बेगूसराय जिले के डंडारी थाना क्षेत्र के राजोपुर कटरमाला गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा गिराने के मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

———————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अनंत कुमार सत्यार्थी का आज गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन को गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। अनंत कुमार सत्यार्थी हवेली खड़गपुर और मुंगेर विधानसभा सीट का एक–एक बार प्रतिनिधित्व कर चुके थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरा शोक जताया है।

———————————————————

खगड़िया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में पांच लोगों को दोषी करार देते हुये पांच–पांच वर्ष कारावास और एक–एक लाख रूपये की अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – गरीबों का कल्याण ही सच्चा सामाजिक न्याय है। श्री मोदी ने गरीबी को देश की सबसे बड़ी जाति बताया।

02. राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बिहार न्यायिक सेवा में दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया।

03. केंद्रीय चयन पर्षद ने एक अक्टूबर को हुयी सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द किया। सात और पंद्रह अक्टूबर को होने वाली परीक्षा भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित।

04 और, कैमूर जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति। कर्मनाशा, दुर्गावती, सुवारा और अन्य मौसमी नदियां उफान पर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।